# जल जीवन मिशन सम्बन्धी कार्यों तथा जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की मासिक समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

उपरोक्त विषयक दिनांक 27.01.2025 को जिलाधिकारी महोदय मथुरा द्वारा जल जीवन मिशन सम्बन्धी कार्यों तथा जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की मासिक समीक्षा की गई। समीक्षा में निम्नलिखित अधिकारियों/अभियन्ताओं/फर्म प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. श्री मनीष मीना, मुख्य विकास अधिकारी मथुरा।
2. श्री राजेश कुमार यादव, अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, मथुरा।
3. श्री दिनेश कुमार, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मथुरा।
4. श्री कन्हैया लाल, अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, मथुरा।
5. श्रीमती किरन चौधरी, जिला पंचायत राज अधिकारी, मथुरा।
6. श्री अशरफ अली, अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत मथुरा।
7. श्री बृजेश शर्मा, सहायक अभियन्ता, निर्माण खण्ड–1, लोक निर्माण विभाग, मथुरा।
8. श्री संदीप कुमार तौमर, सहायक अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, मथुरा।
9. श्री शाकिर अली, सहायक अभियन्ता, अपर गंगा नहर, अलीगढ़।
10. श्री राजीव कुमार सिंह, सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), मथुरा।
11. श्री भूपेन्द्र कुमार, सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), मथुरा।
12. श्री राकेश कुमार शर्मा, जी0एम0, एन0सी0सी0 – एपको (जे0वी0), मथुरा।
13. श्री अशोक ठाकुर, पी0एम0 पी0एम0 पैकेज–I, एन0सी0सी0 – एपको (जे0वी0), मथुरा।
14. श्री दिलीप शर्मा, डी0पी0एम0, मै0 फिचनर कन्सलटिंग इन्जीनियर्स (टी0पी0आई0), आगरा कलस्टर, मथुरा।
15. श्री सुमित वर्मा क्यू0ए0/क्यू0सी0, मै0 फिचनर कन्सलटिंग इन्जीनियर्स (टी0पी0आई0), आगरा कलस्टर, मथुरा।
16. श्री मोहित सिंह जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, मेधज टैक्नो कॉन्सेप्ट, मथुरा।

बैठक के प्रारम्भ में जिलाधिकारी महोदय द्वारा योजना के कार्यों की प्रगति समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बैठक में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद मथुरा में सतही स्त्रोत आधारित पेयजल योजनाओं के कार्य निर्माणाधीन एवं प्रगति निम्नानुसार है –

| S.N. | Activity Name | Duration | QTY | Progress as per timeline (Dated 27.01.2025) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Target | Achievement |
| 1 | Supply of MS pipes | TARGET | 55.900 KM | 100% | 90% |
| | | ACHIEVEMENT | 52.50 KM | | |
| 2 | Supply of DI pipes | TARGET | 1178 KM | 100% | 50% |
| | | ACHIEVEMENT | 557 KM | | |
| 3 | sedimentation tank at Palra (23000KL) | TARGET | 1 Nos | 100% | 30% |
| | | ACHIEVEMENT | WIP | | |
| 4 | Water Treatment Plant( 188.50 MLD) | TARGET | 1 Nos | 100% | 20% |
| | | ACHIEVEMENT | WIP | | |
| 5 | Clear water Reservior & Pump House | TARGET | 8 Nos | 100% | 20% |
| | | ACHIEVEMENT | 7 -WIP | | |
| 6 | Laying , Joiniting , Testing & Road Restoration work for Clear Water Rising Mains | TARGET | 1178 KM | 100% | 35% |
| | | ACHIEVEMENT | 430 KM | | |
| 7 | Laying , Joiniting , Testing & Road Restoration work for Gravity MS Pipe | TARGET | 55.90 KM | 100% | 2% |
| | | ACHIEVEMENT | 1.50 KM | | |

तत्पश्चात सतही स्त्रोत पेयजल योजना (पैकेज–2) के प्रोजेक्ट मैंनेजर द्वारा प्रगति के विषय में निम्न प्रकार अवगत कराया गया।

| S.N. | Activity Name | Duration | QTY | Progress as per timeline (Dated 27.01.2025) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Target | Achievement |
| 1 | Construction of Over Head Tanks along with RTU Room | TARGET | 214 | 100% | 25% |
| | | ACHIEVEMENT (WIP) | 159 | | |
| 2 | Distribution System & Related work . | TARGET | 4566 | 90% | 45% |
| | | ACHIEVEMENT | 2133 | | |

- समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता द्वारा सेडीमेंन्टेशन टैंक, डब्लू0टी0पी0 एवं पाइप लाइन बिछाये जाने इत्यादि कार्य की धीमी प्रगति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए फर्म मै0 एन0सी0सी0–एपको (जे0वी0) को कार्यों में तेजी लाये जाने हेतु निर्देशित किया गया।
- 4 नग आई0बी0पी0एस0 पर मैनपावर की कमी है एवं कार्य बन्द है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए उक्त आई0बी0पी0एस0 पर तत्काल कार्य प्रारम्भ करने एवं कार्यों में तेजी लाये जाने के निर्देश दिए गये।
- पाइप लाइन की प्रगति समीक्षा के दौरान फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि वन विभाग से अनापत्ति न मिलने के कारण प्रगति धीमी है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा आगामी बैठक में प्रभागीय वानिकी अधिकारी मथुरा को बैठक में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया।
- गृह जल संयोजन बढ़ाये जाने हेतु फर्म को निर्देशित किया गया एवं फर्म में आई0टी0आई0 प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले स्थानीय फिटर/व्यक्तियों को रोजगार देने हेतु निर्देशित किया गया।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि फर्म द्वारा पूर्व में पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु जहां भी रोड़ काटी गई है उसकी पूर्व निर्मित रोड के अनुसार मरम्मत दिनांक 15.02. 2025 तक प्राथमिकता के आधार पर करा ली जाए।
- समीक्षा बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा कार्य प्रारम्भ किये गये 55 क्लस्टरों में विगत 6 माह से कार्य बन्द है, जिस पर निर्देश दिए गये कि उक्त बन्द क्लस्टरों में समस्त कार्य पूर्ण कर लिए जाएं तथा फर्म को निर्देश दिए गये कि समस्त कार्य पूर्ण किये गये 30 ग्रामों की सूची अधिशासी अभियन्ता को उपलब्ध करा दी जाए, जिससे उक्त कार्यों का सत्यापन किया जा सके।
- जिला पंचायतराज अधिकारी मथुरा द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत लोहई एवं पैगांव में पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु तोड़ी गई सड़क की मरम्मत वर्तमान तक नहीं की गई है। जिसको कि सम्बन्धित फर्म को मरम्मत कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।
- मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला पंचायत को निर्देश दिये गये कि आगामी बैठक में पाइप लाइन बिछाये जाने के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की सूचना साथ लेकर आएं।
- ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा काटी गई सड़कों की पुर्नस्थापना मानक के अनुसार नही की जा रही है जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया कि उक्त सड़कों की अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के साथ संयुक्त निरीक्षण कर लिया जाये एवं फर्म को मानक के अनुसार सड़क मरम्मत करने के निर्देश दिए गये।
- पालरा झाल पर अपर गंगा कैनाल से कच्चा जल लिए जाने हेतु बनाये जाने वाले ऑफ टेक/हैड रेगुलेटर की समीक्षा के दौरान सिंचाई विभाग के सहायक अभियन्ता द्वारा

बताया गया कि उनके द्वारा बनाया गया प्राक्कलन मुख्य अभियन्ता, लखनऊ की समिति में स्वीकृति हेतु प्रेषित किया गया था जो कि समिति द्वारा अस्वीकृत कर दिया गया, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सिंचाई विभाग के ई0एन0सी0 को डी0ओ0 लेटर लिखवाये जाने हेतु अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया।

- अन्त में निर्देश दिए गये कि दोनों पैकेजों में निर्माणाधीन कार्यों पर समानान्तर कार्य करते हुए श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुए प्रगति बढ़ा ली जाए।

/

**अधिशासी अभियन्ता**
**खण्ड कार्यालय,**
**उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)**
**मथुरा।**

**पत्रांक** 161 **/ जल जीवन मिशन /** 49 **दिनांक** 19. 2. 25

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी महोदय मथुरा।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय मथुरा।
3. अपर जिलाधिकारी महोदय, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, मथुरा।
4. मुख्य अभियन्ता(आ0क्षे0)/अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय/अधिशासी अभियन्ता (वि0यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इन्जीनियर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. प्रोजेक्ट मैंनेजर, मै0 एन0सी0–एपको (जे0वी0) (पैकेज–। एवं ।।), मथुरा को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. डी0पी0एम0 मै0 फिचनर कन्सलटिंग इन्जीनियर्स (टी0पी0आई0), आगरा कलस्टर, मथुरा को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
8. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 (मेधज टैक्नॉ, प्रा0लि0) मथुरा।

**अधिशासी अभियन्ता**